कार्रवाई

खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त दबिश

# अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 6 वाहन जब्त

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई की जा रही है। 02 अप्रैल को खनिज विभाग एवं पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में 06 वाहन जब्त किये गये है।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि 02 अप्रैल को तड़के सुबह 4 बजे खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल, सुरेश कुलस्ते एवं बालाघाट पुलिस बल ने तहसील लांजी अंतर्गत ग्राम नंदोरा स्थित सर्रा नदी में आकस्मिक जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान सर्रा नदी में खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते हुए`4 ट्रैक्टरों को मौके पर ही पकड़ा गया। सभी वाहनों को जब्त कर थाना लांजी परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 5 जेडए 1898, चालक राजकुमार, निवासी ग्राम घोटी, बिना नंबर का



पावरट्रैक ट्रैक्टर, चालक मुकेश मात्रे, निवासी ग्राम कड़ता, बिना नंबर का जॉन डियर ट्रैक्टर, चालक मोहनीश दौने, निवासी ग्राम नंदोरा एवं बिना नंबर का पावरट्रैक ट्रैक्टर, चालक दुर्गेश नारनौरे, निवासी ग्राम नंदोरा को जब्त् किया गया है।

उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने बताया कि इसी कार्रवाई के तहत ग्राम नवेगांव क्षेत्र में दो हाइवा डंपरों को भी खनिज मुरूम का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। मुरूम का अवैध परिवहन करने पर हाइवा क्रमांक -सीजी -11 -एजे -8923, चालक शेख हाशिम, निवासी सरेखा एवं हाइवा **क्रमांक-जीजे-08-एडब्ल्यू-** 1953, चालक अफरोज खान, निवासी हीरापुर भरवेली को जब्तच किया गया है। दोनों हाइवा डंपरों को कलेक्टर कार्यालय स्थित खनिज शाखा परिसर में खड़ा कराया गया है।


प्रशासन द्वारा जब्त किए गए कुल 6 वाहनों (ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं हाइवा डंपर) पर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# नक्सल प्रभावित ग्रामों के विकास को लेकर अधिकारियों की अहम बैठक

## बालाघाट में 100 गांवों के लिए तैयार हो रहा 300 करोड़ से अधिक का समग्र डेवलपमेंट प्लान

**नवभारत, बालाघाट।** नक्सलवाद से मुक्त हो चुके बालाघाट जिले में अब विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। कभी नक्सल प्रभावित रहे गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन ने ठोस पहल शुरू कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में `2 अप्रैल को संबंधित विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विकास कार्यों के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि अति नक्सल प्रभावित रहे **100 ग्रामों** को चिन्हित कर विभिन्न विभागों के माध्यम से समग्र विकास योजना तैयार की जा रही है, जिसमें **300 करोड** से अधिक के कार्य प्रास्?तावित किये जा रहे है। कलेक्टर श्री मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल वे ही कार्य इस डेवलपमेंट प्लान में शामिल किए जाएं, जो विभागीय योजनाओं के



अंतर्गत संभव नहीं हैं, ताकि विशेष योजना के तहत इनका प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ भी उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क, बिजली, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, पेयजल, महिला एवं बाल विकास और खाद्यान्न वितरण से जुड़े व्यापक प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।

बैठक में बताया गया कि जल संसाधन विभाग द्वारा 16 ग्रामों में सिंचाई योजनाएं तैयार की गई हैं। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा स्टॉपडेम और चेकडेम जैसे लघु सिंचाई कार्य प्रस्तावित हैं। विद्युत विभाग ने सोलर सेंटर एवं ट्रांसफार्मर स्थापना के लिए लगभग **13.50** करोड़ रुपये के प्रस्ताव तैयार किए हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 37 ग्रामों में उचित मूल्य दुकान सह ***50 मीट्रिक*** टन क्षमता के गोदाम निर्माण की योजना है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 3

करोड़ रुपये से अधिक लागत से नए आंगनवाड़ी भवन एवं मरम्मत कार्य प्रस्तावित किए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की कार्ययोजना बनाई गई है।

इसके अलावा सर्व शिक्षा अभियान के तहत शाला भवन निर्माण, उद्योग एवं तकनीकी विभाग द्वारा आईटीआई भवन व छात्रावास, मत्स्य विभाग द्वारा तालाब निर्माण, पशुपालन विभाग द्वारा बड़े ग्रामों में पशुशेड निर्माण, कृषि विभाग द्वारा 1.74 करोड़ रुपये के कृषि विकास कार्य, उद्यानिकी विभाग द्वारा बड़े स्तर पर नर्सरी स्थापना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 189 किमी लंबाई की 41 सड़कों का निर्माण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों के सुधार, आयुष विभाग द्वारा 3.45 करोड़ रुपये के औषधालय निर्माण जैसे प्रस्ताव शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, लांजी, किरनापुर और बालाघाट विकासखंड के कई ग्राम पूर्व में नक्सल प्रभावित रहे हैं। अब नक्सलवाद के समाप्त होने के बाद इन क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने प्रस्तावों को शीघ्र अंतिम रूप दें, ताकि इन्हें समय पर शासन को भेजकर स्वीकृति प्राप्त की जा सके। नक्सल से विकास की ओर बढ़ता बालाघाट अब नए बदलाव की ओर अग्रसर है, जहां सुरक्षा के साथ-साथ समृद्धि और विकास की रोशनी गांव-गांव तक पहुंचेगी।

## प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को प्रोत्साहन राशि से किया जाएगा पुरस्कृत

**बालाघाट।** प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए वर्ष 2̀25 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह खेलवृत्ति उन खिलाड़ियों को प्रदान की जाएगी जिन्होंने दिनांक `1 अप्रैल 2̀25 से 31 मार्च 2̀26 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित किया है। विभाग द्वारा निर्धारित प्रावधान के अनुसार स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 1 हजार रुपये, रजत पदक विजेताओं को`8 हजार रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को `6 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि खेलवृत्ति के रूप में दी जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी अपने आवेदन जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय, मुलना स्टेडियम से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई 2̀26 निर्धारित की गई है।

# जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल पर सामुदायिक भवन की भूमि हड़पने के आरोप

## धारावासी पंचायत ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**नवभारत, लालबर्रा।** नगर मुख्यालय में 8 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत धारावासी में जनपद पंचायत लालबर्रा उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल के खिलाफ लगातार आक्रोश बढ़ने का मामला सामने आया है। सरपंच प्रतिनिधि मनीष बटघरे व पंचगण से प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ दिन पूर्व मध्यप्रदेश शासन द्वारा क्षेत्रीय विधायको की अनुशंसा पर सामुदायिक भवन विहीन ग्रामों में सामुदायिक भवन स्वीकृत किए गए हैं जिसके अंतर्गत विधायक अनुभा मुंजारे जी की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत धारावासी में भी सामुदायिक भवन की स्वीकृति प्राप्त हुई है, ग्राम पंचायत द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रशासकीय स्वीकृति पश्चात ग्राम पंचायत में ग्राम सभा लेकर सरपंच, पंचगण व ग्रामीणों द्वारा स्थल चयन किया गया है जिसे पटवारी हल्का द्वारा



शासकीय स्थल चिह्नित किया गया है किंतु लालबर्रा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल के द्वारा अपने रसूख का उपयोग करते हुए उक्त चयनित पर खुद कब्जा करने व ग्राम पंचायत को सामुदायिक भवन बनाने से रोकने का मामला सामने आया है। इस हेतु सरपंच प्रतिनिधि, पंचगण व नागरिकों ने लालबर्रा जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय में लिखित शिकायत देकर किशोर पालीवाल के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही है साथ ही ग्राम पंचायत कार्यालय लालबर्रा में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे जी को एक शिकायत पत्र देकर जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है।

ग्राम पंचायत धारावासी सरपंच प्रतिनिधि मनीष बटघरे ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में शासन द्वारा सामुदायिक भवन स्वीकृत किया गया है जिसका निर्माण सम्पूर्ण ग्राम वासियों द्वारा चयनित भूमि पर किया जाना प्रस्तावित है ऐसे में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर सामुदायिक भवन बनाने में अड़ंगा डालकर स्वयं उसमें कब्जा किया जा रहा है जिसकी शिकायत हमारे द्वारा जिला कलेक्टर महोदय व विधायक महोदय से की गई है। जनपद उपाध्यक्ष ग्राम विकास में बाधा उत्पन कर रहे हैं।

### शासकीय कार्य में बाधा की कार्यवाही हो : अनीस खान

इस संबंध मे क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत श्री अनीस खान ने कहा कि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शासकीय सामुदायिक भवन की जमीन हड़पना चाहता है जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत द्वारा कलेक्टर महोदय व विधायक महोदय से हुई है। ग्राम पंचायत को तुरंत निर्माण कार्य प्रारंभ करना चाहिए और जनपद उपाध्यक्ष बाधा बनते हैं तो ग्राम पंचायत को किशोर पालीवाल के विरुद्ध पुलिस थाना लालबर्रा में शासकीय कार्य में बाधा जैसी धाराओं में शिकायत करना चाहिए।

# टाटा सॉल्ट : रसोई में कोई समझौता नहीं, शुद्धता का वादा

## रसोई में शुद्धता और असली स्वाद लाता है

**बालाघाट नवभारत 2 अप्रैल।** आज के दौर में लोग घर में खाना बनाने के लिए हर सामग्री को लेकर बेहद सावधानी बरतना पसंद करते हैं। वे ऐसे उत्पाद चाहते हैं जिससे रोज़मर्रा का खाना बनाना आसान हो, खाना स्वादिष्ट बने और साथ ही यह पूरी तरह सुरक्षित हो। साधारण नमक से कई तरह की परेशानी खड़ी हो जाती हैं, जैसे बारिश के मौसम में इसमें गांठें बन जाती हैं, कई बार यह अनाज के साथ ठीक से घुल नहीं पाता है।

टाटा सॉल्ट रसोई की उन आम परेशानियों को पूरी तरह दूर करने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। धूप में सुखाए गए प्राकृतिक समुद्री नमक से बना और शुद्धिकरण के कई चरणों से गुज़रा यह नमक रसोई में शुद्धता और असली स्वाद तो लाता ही है, इसके साथ-साथ इसे इस्तेमाल करना भी आसान है। इसमें हर कतरा (दाना) अलग-अलग होता है जिससे यह आसानी से खाने में डाला जा सकता।

### टाटा सॉल्ट में होता है आयोडीन

इसे इस्तेमाल करना आसान होता है और हर व्यंजन में जल्दी एवं समान रूप से घुल जाता है, चाहे दाल, सब्जी हो या गुंथा आटा, या फिर बिरयानी हो या धीमी आंच पर पका कोई पकवान। इसमें आवश्यक मात्रा में आयोडीन भी होता है, जो लोगों को थायरॉइड से बचाता है और उन्हें स्वस्थ रहने में मदद करता है।

### गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

इस तरह शुद्ध बाय टाटा सॉल्ट न सिर्फ ब्रांड की विश्वसनीयता और गुणवत्ता की विरासत को आगे बढ़ाता है बल्कि यह अपने-आप में वह छोटा सा बदलाव है, जिसे अपनाने से खाना पकाना आसान तथा सुविधाजनक हो जाता है और वह भी स्वाद, भरोसे या कीमत से कोई समझौता किए बगैर।



## सुरेंद्र पाल सिंह कौशल उर्फ बिट्टू बालाघाट नगर पालिका के मनोनीत पार्षद बने

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन ने आज प्रदेश भर के नगर पालिका में मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति की इस तारतम्य में बालाघाट जिले से बालाघाट नगर पालिका के लिए सुरेंद्र पाल कौशल की नियुक्ति की गई है ईस्ट मित्रों, वह भाजपा के सभी नेताओं ने उन्हें हैं बधाई प्रेषित की है।

# सरपंच की अभद्र टिप्पणी से ग्रामीण महिलाओं में आक्रोश

**नवभारत कटंगी 2 अप्रैल।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोड़मी इन दिनों नशा मुक्ति की एक मजबूत जन-जागरूकता मुहिम का केंद्र बन गई है। गांव की महिलाओं ने जिस साहस और एकजुटता के साथ अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोला है, वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है।

सोमवार की रात लगभग 9 बजे एक बार फिर कोड़मी की महिलाएं लामबंद होकर सड़कों पर उतर आई। सूचना मिलने पर उन्होंने नहलेशरा मुख्य मार्ग किनारे संचालित किराना दुकानों और पान ठेलों पर दबिश दी, जहां से अवैध देसी-विदेशी शराब की बिक्री की जा रही थी। महिलाओं ने मौके पर ही शराब बेचते लोगों को पकड़ लिया और इस अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया।

**सरपंच के रिश्तेदार के पास से शराब पकड़ी गई** -इसी दौरान चिचगांव ग्राम के सरपंच अरविंद खरे के किसी रिश्तेदार के पास से भी शराब पकड़ी गई। महिलाओं का आरोप है कि मामले में हस्तक्षेप करते हुए सरपंच ने उपस्थित महिलाओं पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे महिलाओं में भारी आक्रोश फैल गया। आक्रोशित महिलाएं तुरंत थाना कटंगी पहुंचीं और पूरे मामले की लिखित



शिकायत दर्ज कराई। महिलाओं ने स्पष्ट कहा कि वे इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगी और नशा मुक्त गांव की लड़ाई और मजबूती से लड़ेंगी।

**महिलाओं का अभियान, डर नहीं, अब सीधी कार्रवाइ-** कोड़मी गांव में यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी महिलाओं ने कई बार अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। हाल ही में महिलाओं के एक समूह ने दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे के बीच गांव के अलग-अलग घरों में दबिश देकर भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब और लहान जब्त किया था। महिलाओं ने न केवल शराब को जब्त किया बल्कि पुलिस को सूचना देकर उसे नष्ट भी कराया। इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया और शराब माफियाओं के हौसले पस्त हुए।

**रैली, समिति और जनजागरूकता से शुरू हुई मुहिम-** गांव को नशा मुक्त बनाने की इस मुहिम की शुरुआत 26 जनवरी को हुई एक बैठक से हुई थी, जिसमें ग्रामीणों ने मिलकर एक समिति का गठन किया। इसके बाद 19 फरवरी को जागरूकता रैली निकालकर पूरे गांव में संदेश दिया गया कि अब कोड़मी में नशे का कोई स्थान नहीं होगा महिलाओं ने साफ चेतावनी दी थी कि जो भी व्यक्ति शराब बेचते या बनाते पाया जाएगा, उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया जाएगा।

***नशे की वजह से बिगड़ती सामाजिक स्थिति-*** ग्रामीण महिलाओं ने बताया गांव में बढ़ती शराबखोरी ने कई गंभीर समस्याओं को जन्म दिया है जिनमें घरेलू हिंसा में वृद्धि,अपराधों में इजाफा आर्थिक तंगी, युवाओं का भविष्य बर्बाद होना यही कारण है कि गांव की महिलाएं अब इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**महिलाओं का संदेश, अब नहीं रुकेगा आंदोलन** -महिलाओं का कहना है कि यह सिर्फ शराब बंदी की लड़ाई नहीं, बल्कि गांव के भविष्य को बचाने का अभियान है। सरपंच द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी ने उनके संकल्प को और मजबूत कर दिया है।

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

## परसवाड़ा में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**नवभारत कटंगी 2 अप्रैल।** बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाड़ा घाट में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करना एवं उन्हें विद्यालय में वातावरण से परिचित कराना कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन दीप प्रज्वल के साथ की गई। इसके पश्चात विद्यालय प्राचार्य महेंद्र कुमार डहेरिया तथा अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता



अरविंद देशमुख, जनपद पंचायत सदस्य मनोज बोपचे एवं सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र टांडेकर द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया।

**नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का किया वितरण** -विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक एवं साईकिल वितरण अन्य शैक्षिक सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने शिक्षा के महत्व एवं शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी शिक्षकों ने मिलकर विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# केन्द्रीय इस्पात सचिव एवं संयुक्त सचिव की मॉयल भरवेली को सौजन्य भेंट, उत्पादन वृद्धि व आधुनिकीकरण पर हुआ मंथन

**नवभारत, बालाघाट।** जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित मॉयल लिमिटेड भरवेली खदान में बुधवार, 1 अप्रैल को केन्द्रीय इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौड्रिक एवं संयुक्त सचिव डी.एम. पाण्डे का अल्प प्रवास हुआ। उनके आगमन पर कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विश्वनाथ सुरेश तथा निदेशक (वित्त) राकेश तुमाने ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर विश्राम गृह में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें मॉयल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सचिव एवं संयुक्त सचिव ने विस्तार से चर्चा की। अपने संबोधन में सचिव संदीप पौड्रिक ने इस्पात उद्योग के सामने उभरती चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उपायों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में उत्पादन



बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक और मशीनीकरण को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से संवाद करते हुए विभिन्न तकनीकी और प्रबंधन संबंधी पहलुओं पर सवाल-जवाब भी किए।

बैठक के पश्चात दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने भूमिगत खदान का निरीक्षण किया। उन्होंने खदान के भीतर संचालित कार्यों की बारीकियों को समझा और सुरक्षा, उत्पादन तथा कार्यप्रणाली को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मॉयल के फैरो प्लांट सहित अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों का भी दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

इस दौरान बालाघाट के कलेक्टर मृणाल मीणा ने भी भरवेली विश्राम गृह पहुंचकर केन्द्रीय इस्पात सचिव एवं संयुक्त सचिव से मुलाकात की। उन्होंने जिले में खनन गतिविधियों, औद्योगिक विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को लेकर विचार-विमर्श किया। इस मुलाकात को क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कार्यक्रम में मॉयल लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) श्रीमती उषा सिंह, निदेशक (वाणिज्य) सुश्री रश्मि सिंह, निदेशक (उत्पादन एवं योजना) एम.एम. अब्दुल्ला, कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) किशोर चन्द्राकर, कार्यकारी निदेशक (विविधीकरण) राजेश वर्मा, महाप्रबंधक (तकनीकी विकास) परिदा, महाप्रबंधक (विविधीकरण) राजेश भट्टाचार्य सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त उकवा, तिरोड़ी, चिखला, डोंगरीबुजुर्ग, गुमगांव, कांद्री एवं मनसर खदानों के खान प्रबंधक एवं अन्य विभागों के अधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में अभिकर्ता एवं महाप्रबंधक उम्मेदसिंह भाटी तथा खान प्रबंधक विवेक कुमार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी पक्षों की सराहना की।

# सांसद पारधी ने केन्द्रीय मंत्री गड़करी से की भेंट



**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण लखनादौन-बालाघाट-लांजी-खैरागढ़-रायपुर मार्ग को 6-लेन में विकसित करने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों ने पहल तेज कर दी है। इस संबंध में बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद भारती पारधी एवं राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं श्री संतोष पांडे ने मंत्री गडकरी को अवगत कराया कि सिवनी जिले के लखनादौन से लेकर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक का यह मार्ग दोनों राज्यों के बीच आवागमन, व्यापार और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में इस मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे जाम की स्थिति, दुर्घटनाओं का खतरा और यात्रा समय में वृद्धि जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित 6-लेन मार्ग बनने से न केवल यातायात सुगम और सुरक्षित होगा, बल्कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

**कार्यालय जनपद पंचायत परसवाड़ा, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**
**विकासखंड परसवाड़ा, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**
(Email : jpparbal@nic.in)

**प्रेस-विज्ञप्ति**

जनपद पंचायत परसवाड़ा अन्तर्गत ग्राम परसवाडा मे साप्ताहिक बैठकी बाजार मे खसरा नं. 238/9 रकबा 1.011 मे से न्यायालय कलेक्टर महोदय बालाघाट म.प्र. के रा.प्र.क्र./11/अ,-20(3) वर्ष 2024-25 दिनांक 04 अक्टूबर 2024 को पारित आदेश अनुसार 0.038 हे. भूमि एवं ग्राम परसवाडा बस स्टेंण्ड के खसरा नं. 208 रकबा 0.1980हे. में से न्यायालय कलेक्टर महोदय बालाघाट म.प्र. के रा.प.प्र. क. 0015 / अ /20(3) वर्ष 2024-25 दिनांक 04 अक्टूबर 2024 को पारित आदेश अनुसार 0.038 हे. भूमि शांपिग काम्पलेक्स बनाये जाने हेतु जनपद पंचायत परसवाडा जिला बालाघाट के नाम से खसरा के कालम नं. 12 में आरक्षित की गई है। खसरा न 238 /9 में आरक्षित भूमि पर शांपिग काम्पलेक्स का कार्य पूर्ण हो चूका है तथा खसरा नं. 208 मे शांपिग काम्पलेक्स भूतल में 18 दुकानों का निर्माण हो चुका है जिसमें से 12 दुकानें आवंटित हो चूकि है शेष 06 दुकानो का आवंटन की प्रकिया चल रही है। जनपद पंचायत परसवाडा की सामान्य प्रशासन समिति के प्रस्ताव कमांक 02 दिनांक 18/02/2026 प्रस्ताव पारित किया गया है कि उपरोक्त खसरा नं. 238/9 एवं 208 मे जनपद पंचायत के नाम आरक्षित भूमि, एवं निर्मित शांपिग काम्पलेक्स के नीलामी के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय मे स्थगन प्राप्त किये जाने की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुये केविएट दायर किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है अतः माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर मे केविएट दायर की जा रही है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत परसवाडा**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् वारासिवनी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक/792,793/लो.नि.वि./न.पा.प./2026 **निविदा आमंत्रण सूचना** वारासिवनी, दिनांक : 23/03/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**निविदा विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1. | क्र. **2026_UAD_496275_1** दिनांक : **02/04/2026** | Dismantle Work of Ambedkar Mangal Bhawan at Ward No. 02 Waraseoni. | समयावधि : 01 माह लागत : 3,08,611/- | नि.प्र.मूल्य : 2000/- EMD: 3,086/- | 21/04/2026 |
| 2. | क्र. **2026_UAD_496277_1** दिनांक : **02/04/2026** | Construction of RCC Drain From Ismail Sheikh House to Ayan Bhai House and next to Jagdish Nema House at Ward No.11 Waraseoni. | समयावधि : 01 माह लागत : 6,12,521/- | नि.प्र.मूल्य : 2000/- EMD: 6,125/- | 21/04/2026 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। **मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद् वारासिवनी**